# साहित्य की सभी विद्याओं में व्यंग्य सबसे दुष्कर विधा : आचार्य दीक्षित



साहित्यकार मालीराम शर्मा की सद्य प्रकाशित चार कृतियों का लोकार्पण महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने किया।

- मालीराम शर्मा के व्यंग्य संग्रह अश्वमेघी रचनाएं तथा दो संस्मरणात्मक पुस्तकें सफरनामा और यादों के दायरे का अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया

**बीकानेर,** (कासं)। साहित्य की सभी विद्याओं में व्यंग्य सबसे दुष्कर विधा है और इसे मालीराम शर्मा जैसे विलक्षण प्रतिभा के धनी साहित्यकार ही साध सकते हैं। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने ये उद्गार कीर्तिशेष मालीराम शर्मा जन्म शताब्दी समारोह का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हास्य-विनोद गुदगुदाने का काम करता है किंतु व्यंग्य का काम विद्रूपताओं और विसंगतियों पर सटीक चोट करना है। मालीराम शर्मा के व्यंग्य लेखन की यह विशिष्टता है कि वे जिस पर चोट करते हैं, वह पात्र पढ़कर मुस्कराने को बाध्य हो जाता है। क्योंकि उन्होंने व्यक्ति विशेष पर नहीं प्रवृतियों पर मार की है। आचार्य दीक्षित ने मालीराम शर्मा जन्म शताब्दी वर्ष पर उनकी अप्रकाशित रचनाओं को संकलित कर पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए परिजनों की पहल को प्रेरक बताया।

समारोह राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्याम महर्षि की अध्यक्षता में नोखा रोड स्थित हंसा गेस्ट हाउस सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मालीराम शर्मा के व्यंग्य उपन्यास काक भुशुण्डि में कहा कि व्यंग्य संग्रह अश्वमेघी रचनाएं तथा दो संस्मरणात्मक पुस्तकें सफरनामा और यादों के दायरे का अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया गया। समारोह अध्यक्ष श्याम महर्षि ने कहा कि मालीराम शर्मा का आमजन से गहरा जुड़ाव रहा और उनका लेखन और जीवन जनसरोकारों से ओतप्रोत रहा। उन्होंने उनके संस्मरण साझा करते हुए कहा कि जनता ने उन्हें अपने गांव का सरपंच चुना तब राजस्थान में सबसे शिक्षित और बौद्धिक सरपंच वे ही थे।

मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री और उपन्यासकार बाबू खांडा ने बीसवीं सदी के आठवें दशक के बीकानेर के समृद्ध साहित्यिक परिदृश्य की चर्चा करते हुए कहा कि पूरे देश में बीकानेर के लेखकों की प्रतिष्ठा थी और व्यंग्य स्तंभ लेखन के मार्फत मालीराम शर्मा ने ग्राम्य जीवन से लेकर राष्ट्रीय - अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ज्वलंत मुद्दों पर मारक व्यंग्य लिखे। उनकी गिनती राजस्थान ही नहीं पूरे देश के महत्वपूर्ण व्यंग्यकारों में है।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ नाट्य निर्देशक और स्तंभकार अशोक राही जयपुर ने मालीराम शर्मा के आत्म कथात्मक उपन्यास 'ओ सत्तासर' को कालजई कृति बताए हुए कहा कि आर्थिक विवशता के वशीभूत गांव से शहर विस्थापन की यह इसी त्रासद कथा है कि पढ़ते हुए पाठक भावविहल हो जाता है। उन्होंने कहा कि ग्राम्य जीवन को देशज शब्दावली और अपनी मौलिक शैली में मालीराम शर्मा इतने सम्मोहक तरीके से रखते हैं कि हमें फणीश्वर नाथ रेणु का सृजन स्मरण होने लगता है। समालोचक डॉ. उमाकांत गुप्त ने कहा कि मालीराम शर्मा शिक्षाविद्, व्यंग्यकार, कवि के साथ ही सामाजिक चिंतक भी थे। वे सामाजिक विद्रूपताओं और अव्यवस्थाओं रखते ही नहीं वरन वे बौद्धिक दृष्टि के साथ उन्हें दूर करने का रास्ता भी बताते हैं। इसलिए उनका सृजन आज ज्यादा प्रासंगिक हो गया है।

संयोजकीय वक्तव्य में वरिष्ठ कवि रवि पुरोहित ने शर्मा के व्यक्तित्व-कृतित्व के विविध पक्षों को रखते हुए कहा कि उन्होंने देश - विदेश का भ्रमण किया। किंतु उनके मन में अपना गांव बसता था और उनका लेखन माटी के सुख दुख को साझा करता है। लोकार्पित पुस्तकों पर जयपुर के वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ. अजय अनुरागी और कोटा की डॉ. अनिता वर्मा ने पत्रवाचन करते हुए पुस्तकों के विविध पहलुओं को उद्घाटित किया और माना कि मालीराम शर्मा जितने समर्थ व्यंग्यकार हैं, उतने ही समर्थ आत्मकथात्मक संस्मरण लेखक हैं। स्वागताध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. चतुर्भुज गौड़, ऋचा भारद्वाज, समारोह समन्वयक कैलाश शर्मा ने भी संस्मरणों के माध्यम से उनके प्रेरक व्यक्तित्व से परिचित कराया।

दूसरा सत्र 'मालीराम शर्मा सृजन विमर्श एवं समाहार ' वरिष्ठ कवयित्री संपादक डॉ. जयश्री शर्मा जयपुर की अध्यक्षता, साहित्यकार मधु आचार्य आशावादी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रो. आलोक श्रीवास्तव, जयपुर, वरिष्ठ व्यंग्यकार बुलाकी शर्मा और वरिष्ठ कथाकार राजेन्द्र जोशी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार रखे।

## तीन साल से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पदमपुर पुलिस ने हत्या के आरोप में 3 साल से फरार 15 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया।

श्रीगंगानगर की पदमपुर थाना पुलिस ने 15 हजार के इनामी बदमाश बलजीत सिंह उर्फ जीत सिंह को गिरफ्तार किया है। बलजीत पंजाब के कोटभाई थाना क्षेत्र के गिलजेवाला का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी फरारी के दौरान मुंबई, गुजरात, बैंग्लोर और पंजाब समेत कई राज्यों में छिपता रहा।

यह मामला 9 दिसम्बर 2020 का है। शिवराज सिंह ने पदमपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने चक 37 जीजी में सुखदेव सिंह की 23 बीघा जमीन ठेके पर ली थी। घटना के दिन शिवराज सिंह, राजेन्द्र सिंह के साथ खेत में पानी लगाने गए थे। इसी दौरान अवतार सिंह, कर्णवीर सिंह, गुरवीर सिंह और अन्य आरोपी पिस्तौल और गंडासे लेकर वहां पहुंचे। आरोपियों ने शिवराज और राजेन्द्र पर हमला कर दिया। दोनों जान बचाकर भागे। आरोपियों ने पीछे से फायरिंग की। एक गोली राजेन्द्र सिंह की पीठ में लगी। उन्हें श्रीगंगानगर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीमें बनाई। तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तीन फरार आरोपियों पर 15-15 हजार का इनाम घोषित किया गया। पिछले महीने 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में गंगाराम कांस्टेबल की विशेष भूमिका रही।

## सार-समाचार

### कपड़े का घोड़ा रामदेवरा रवाना



बाबा रामदेव के प्रतीकात्मक कपड़े के घोड़े को रामदेवरा के लिए रवाना किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बड़ी गुवाड़ वार्ड नंबर 77 से आज बाबा रामदेव जी के प्रतीकात्मक कपड़े के घोड़े को विशेष पूजा-अर्चना के बाद बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ रामदेवरा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर माहौल पूरी तरह धार्मिक भक्ति से सराबोर हो गया। कांग्रेस नेता राहुल जादुसंगत ने विधिवत पूजा-अर्चना कर घोड़े को रवाना किया। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेवजी ने समाज में सद्भाव, समानता और सेवा की प्रेरणा दी। उनके आशीर्वाद से हर कार्य सफल होता है और श्रद्धालुओं के जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस कपड़े के घोड़े का निर्माण कलाकार तुलसीराम चांवरिया ने अपनी कला से किया है। उन्होंने बताया कि लगातार 15 दिनों की मेहनत के बाद यह घोड़ा तैयार हो सका। इसकी लम्बाई लगभग 7 फीट और वजन 45 किलोग्राम है। इस घोड़े को तैयार करने में उनकी कलाकारों की टीम-नितेश सरवटे, हितेश चांवरिया, आरूष तेजी, अंचल चांवरिया, आदित्य तेजी, अंकित झुंज, आलोक तेजी और रामू झुंज ने विशेष सहयोग दिया। पूरे 15 दिनों तक दिन-रात की गई। इस कड़ी मेहनत के बाद जब यह घोड़ा तैयार हुआ तो मोहल्ले में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। इसके निर्माण को मोहल्लेवासियों ने भी एक विशेष आयोजन की तरह माना। इस मौके पर बड़ी संख्या में मोहल्ला वासी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अमरदीप चांवरिया, नारायण जादुसंगत, सुनिल चांवरिया, मास्टर सुनील, रामचंद्र जादुसंगत, करण, अमरचंद, पूनमचंद सहित अनेक लोग शामिल हुए। सभी ने मिलकर बाबा रामदेव के जयकारों के बीच इस प्रतीकात्मक घोड़े को रवाना किया और बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### कम्प्यूटर के बारे में जानकारी दी



कतरियासर में कम्प्यूटर साक्षरता कार्यक्रम में छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की जानकारी दी।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के सोशल रिस्पांसिबिलिटी कार्यक्रम के तहत डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बीकानेर के द्वारा गोद लिए गांव कतरियासर में शनिवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कतरियासर में कम्प्यूटर साक्षरता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. राहुल सिंह पाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ना एवं उन्हें आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में कक्षा 11 एवं 12 की छात्राओं को कम्प्यूटर के मूलभूत सिद्धांतों, उपयोगी सॉफ्टवेयर, इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग तथा डिजीटल माध्यमों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सोशल रिस्पांसिबिलटी कार्डिनेटर डॉ सुनील कुमार के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर गीता वर्मा, प्राचार्य राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, कतरियासर का कार्यक्रम के आयोजन में योगदान रहा।

### पीजी फर्स्ट सेमेस्टर की कक्षाएं 20 सितंबर से

**बीकानेर,** (कासं)। पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में इस बार भी एक्स्ट्रा क्लास लगाकर विद्यार्थियों का कोर्स पूरा कराना होगा। पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में नया शिक्षा सत्र 20 सितम्बर से शुरू होगा। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने ऑनलाइन आवेदन का संशोधित शेड्यूल घोषित कर दिया है। पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश के लिए अब ऑनलाइन आवेदन 8 सितम्बर तक किए जा सकेंगे। पूर्व में प्रवेश की अंतिम तिथि 22 अगस्त निर्धारित थी। लेकिन वाणिज्य संकाय में निर्धारित सीटों से कम आवेदन आने पर कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने प्रवेश की अंतिम तिथि को 8 सितंबर तक बढ़ाया है। प्रवेश प्रक्रिया अब 19 सितम्बर तक चलेगी। संशोधित शेड्यूल के मुताबिक ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 11 सितंबर को महाविद्यालयों की ओर से आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन किया जायेगा। अंतिम वरीयता सूची वह वेटिंग लिस्ट 12 सितम्बर को प्रकाशित की जायेगी। सूची में आने वाले अभ्यर्थियों को 17 सितम्बर तक ऑनलाइन ई-मित्र के जरिए शुल्क जमा करना होगा। शिक्षण कार्य 20 सितम्बर से शुरू होगा। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के संयुक्त निदेशक अकेडमी प्रो. विजय सिंह जाट ने सभी गवर्नमेंट स्नातकोत्तर कॉलेजों के प्राचार्य को संशोधित ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए हैं। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की ओर से पीजी फर्स्ट सेमेस्टर में तीनों संकाय में सेमेस्टर प्रणाली को लागू कर दिया गया है। ऐसे में 90 दिन का सेशन पूरा होने के बाद फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रवेश प्रक्रिया जुलाई की जगह सितम्बर में पूरी होने से समय पर कोर्स पूरा कराने के लिए कॉलेजों को अब एक्स्ट्रा कक्षाएं लगानी होगी।

# नोखा में बारिश से फसलों को जीवनदान मिला

- बारिश से नोखा शहर की निचली बस्तियों में पानी भर गया
- श्रीगंगानगर के जैतसर और श्रीकरणपुर क्षेत्र में हल्की बारिश हुई

**नोखा,** (कासं)। नोखा क्षेत्र में दो दिन से हो रही बारिश ने फसलों को जीवनदान दिया। शुक्रवार शाम को 46 मिमी और शनिवार सुबह 50 मिमी बारिश दर्ज की गई। कुल 96 मिमी बारिश से फसलों को लाभ मिलेगा।

बारिश से शहर की निचली बस्तियों में पानी भर गया। जोरावरपुरा, मोहनपुरा और कानपुरा समेत कई इलाकों में स्थिति चिंताजनक है। रेलवे अंडरब्रिज में भी पानी भर गया है। मोहनपुरा में टंकी के आसपास के निचले इलाकों में पानी जमा हो गया है। प्रशासन से जल्द पानी निकासी के लिए हैवी बूस्टर लगाने की मांग की गई है। यदि समय रहते पानी की निकासी नहीं की गई तो स्थिति और बिगड़ सकती है। पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने से किसान चिंतित थे।

शुक्रवार देर रात से क्षेत्र में जगह-जगह बारिश हुई। दुदावास, गजसुखदेसर, बिलनियासर, मैनसर, धूपालिया जैगला, जांगलू पिथरासर और मगरा सहित आसपास के गांवों में मूसलाधार बारिश हुई।

**जैतसर-श्रीकरणपुर में बारिश :** श्रीगंगानगर के जैतसर और श्रीकरणपुर क्षेत्र में हल्की बारिश दर्ज की गई हैं। जहां हल्की बारिश हुई वहां किसानों को थोड़ी राहत मिली है। बिना पानी फसलें झुलस रही थी। जिलेभर में सुबह से मौसम साफ रहा है। जैतसर के नजदीकी गांव 7 एलसी में शनिवार सुबह मौसम में बदलाव आया। आसमान में काले घने बादल छाए और करीब 10 मिनट तक बारिश हुई। इस बारिश से ग्रामीणों को लम्बे समय से चल रही गर्मी से राहत मिली। किसानों के लिए यह खुशी का पल रहा। वे लम्बे समय से बारिश का इंतजार कर रहे थे।

खरीफ फसलों जैसे नरमा, कपास, ग्वार और मूंग को पानी की जरूरत थी। इस बारिश ने फसलों की यह जरूरत पूरी कर दी। साथ ही फसलों के उत्पादन पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि आसपास के अन्य गांवों में बारिश नहीं हुई। लेकिन 7 एलसी में हुई बारिश से वहां के किसान खुश हैं। श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर में मौसम ने अचानक करवट बदली है। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं।

## जीएसएस के ट्रांसफॉर्मर में लगी आग

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के जैतसर के पास स्थित गांव सरदारगढ़ में शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा हुआ। गांव के जीएसएस में स्थित ट्रांसफॉर्मर में अधिक लोड के कारण आग लग गई।

ट्रांसफॉर्मर में मौजूद तेल की वजह से आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। आग को काबू करने के लिए सूरतगढ़ से दमकल बुलानी पड़ी। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के दौरान पूरे गांव में दहशत का माहौल बना रहा। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी तुरंत मौके पर पहुंच गए। हादसे में जीएसएस का पावर सिस्टम खराब हो गया है। हालांकि किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। नए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना तक न केवल सरदारगढ़ बल्कि आसपास के कई गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

- देसी पिस्तौल 315 बोर और 8 कारतूस बरामद

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 315 बोर की देसी पिस्तौल और 8 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के अनुसार रायसिंहनगर थाना प्रभारी कलावती चौधरी के नेतृत्व में एएसआई चुन्नीलाल और उनकी टीम ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा। खत्री फिलिंग स्टेशन के पास से आरोपी बलजीत सिंह (32) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 315 बोर की देसी पिस्तौल और 8 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बलजीत सिंह घड़साना के नई मंडी थाना क्षेत्र के चक 2 जीडी का रहने वाला है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में एएसआई चुन्नीलाल के साथ हैड कांस्टेबल मदनलाल, कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार और ड्राइवर कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह की टीम शामिल थी। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भंवरलाल और पुलिस उप अधीक्षक अनु बिश्नोई के सुपरविजन में की गई।

वहीं मटीलीराठान थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी व अनुसंधान अधिकारी सुभाष बिश्नोई ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ सप्लायर पंजाब के फाजिल्का के खुईखेड़ा पतरेवाला निवासी संदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। हिन्दुमलकोट थाना पुलिस के थानाधिकारी गुरमेल सिंह ने थाना स्टाफ के साथ गश्त के दौरान राजकुमार व उसकी पत्नी संतोष देवी निवासी ओडकी को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था।

# बाइक सवार नकाबपोश ने गल्ले से नकदी चुराई

- लेकिन हड़बड़ाहट में चोर से नकदी वहीं गिर गई, यह वारदात कैमरे में कैद हो गई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। अग्रसेन नगर चौक से कुछ दूरी पर स्थित जैन भवन के पास स्थित एक वैरायटी स्टोर से बाइक सवार नकाबपोश युवक ने दुकानदार को चकमा देकर गल्ले से नकदी चुरा ली। लेकिन हड़बड़ाहट में चोर से नकदी वहीं गिर गई। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार बाइक सवार एक युवक इस वैरायटी स्टोर पर पहुंचा। युवक ने मुंह पर साफा बांधा हुआ था। दुकान पर एक बच्चा था। युवक ने बच्चे से कोई वस्तु मांगी, बालक वस्तु लेने दुकान में पीछे की तरफ गया तो युवक ने काउंटर में लगे दराज को खोला और नकदी निकाल कर भागने लगा। इसी दौरान दुकानदार बालक बाहर आ गया। बाइक को पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान नकदी नीचे गिर गई, लेकिन चोर भागने में सफल हो गया। जवाहर नगर थाना पुलिस का कहना है कि इस संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

वहीं जवाहर नगर सेक्टर नंबर 9 में रहने वाले बुजुर्ग ने बहू, बेटा, पोता-पोती पर हमला करके घायल कर देने के आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उपचार के बाद पीडित ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

## एक किलो अफीम सहित गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में ऑपरेशन सीमा-संकल्प के तहत पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 1 किलो 42 ग्राम अफीम जब्त की गई है। उस पर पहले से 4 मामले दर्ज हैं।

रायसिंहनगर थानाधिकारी कलावती चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 11 टीके से आरोपी अशोक कुमार को पकड़ा। आरोपी अशोक (38) रायसिंहनगर के वार्ड नंबर 12 का निवासी है। उसके पास से 1 किलो 42 ग्राम अफीम बरामद की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

अनुसंधान की जिम्मेदारी पुलिस थाना समेजा कोठी के थानाधिकारी कृष्ण कुमार को सौंपी गई है। आरोपी से अन्य नशा तस्करों के बारे में पूछताछ चल रही है।

# मानसून के बाद बीडीए बनवायेगा सड़कें, एस्टीमेट तैयार

- 12.81 करोड़ से ड्रैनेज कामों के टेंडर तैयार हो गए जो एक-दो दिन में जारी होंगे, पीडब्लयूडी से एनओसी मांगी

**बीकानेर,** (कासं)। मानसून के बाद बीकानेर विकास प्राधिकरण अपने कामों को गति देगा। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। 12.81 करोड़ से होने वाले ड्रेनेज के टेंडर एक-दो दिन में जारी होंगे। इसके अलावा जिन सड़कों का निर्माण बीडीए करायेगा उसके एस्टीमेट तो तैयार हो गए मगर पीडब्लयूडी से एनओसी मांगी गई है।

जिन सड़कों की एनओसी फिलहाल बीडीए ने पीडब्लयूडी से मांगी है उसमें आर्मी गेट से डूंगर कॉलेज, गौतम सर्किल, राजवंश सर्किल, दुर्गामाता मंदिर होते हुए शिवबाड़ी तक। गौतम सर्किल से जयनारायण व्यास मूर्ति सर्किल होते हुए शिवबाड़ी रोड, सोफिया स्कूल से छः न्याति समाज की भूमि से होते हुए शिवबाड़ी चौराहे तक, सूरसागर गोल पार्क फर्नीचर गली होते हुए महिला मंडल स्कूल तक, मुक्ता प्रसाद से लालगढ़ रेलवे स्टेशन तक, लालगढ़ रेलवे स्टेशन से फ्लाई ओवर के नीचे तक और नागणेची मंदिर से फ्लाई ओवर होते हुए जोधपुर बाईपास तक की एनओसी मांगी है।

बीडीए ने इसका एस्टीमेट तैयार कर लिया है। इसके अलावा 12.81 करोड़ से ड्रैनेज कामों के टेंडर तैयार हो गए। जो एक-दो दिन में जारी होंगे। उसमें भुट्टों के चौराहे के पास जल निकासी पुलिया, कोटगेट सब्जी मंडी में ड्रेनेज रिपेयरिंग और सफाई, उरमूल सर्किल से कीर्ति स्तंभ तक नाला निर्माण और मेघवाल बस्ती नोखा रोड के पास एसपीएस से गोचर भूमि तक नाला निर्माण। श्रीगंगानगर चौराहे से कीर्ति स्तंभ तक नाला निर्माण के बाद इस हाईवे पर जलभराव की समस्या समाप्त होगी।

# बिजली समस्या को लेकर जिले के कांग्रेस नेताओं ने जताया रोष



किसानों को बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर जिले के कांग्रेसजनों ने नोखा विधायक सुशीला डूडी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि को ज्ञापन सौंपा।

- ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से किसन सूखती फसलों में पानी नहीं दे पा रहे हैं

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं व किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलेक्टर से विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत, नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी, पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल, पूर्व मंत्री भंवर सिंह भाटी, पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा, लूणकरनसर विधानसभा प्रत्याशी डॉ राजेन्द्र मूण्ड, जिला प्रमुख मोडाराम आदि मौजूद थे।

प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती, वर्षा नहीं होने तथा गर्मी अधिक पड़ने के कारण फसलें जलकर नष्ट होने के कगार पर है। सभी नेताओं ने कहा कि किसानों को 8 घंटे बिजली की आपूर्ति जल्द मिले, जिससे फसलें नष्ट होने से बचें। इसके अलावा गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिला संगठन महामंत्री मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली ट्रिपिंग से किसान परेशान, मोटरों और बिजली उपकरणों के जलने से किसानों को हो रहा भारी नुकसान, ग्रामीण क्षेत्रों में बार-बार ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत, कई जीएसएस में ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं।

कई गांवों के खम्बों के तार टूटे हुए हैं लेकिन समाधान नहीं हुआ। जिससे जले हुए ट्रांसफार्मर टूटे हुए तारों वाले इलाकों में अंधेरा छाया हुआ है तथा पीने के पानी की भी समस्या बनी हुई है। विभागीय लापरवाही के चलते बिजली कर्मचारियों की लगातार हो रही मौतों पर अंकुश नहीं है।

# समस्त प्राणियों सुखी रखने के भाव रखें : मेहुल प्रभ सागर



बिना अन्न जल के 58 दिन की तपस्या पूर्ण करने वाले कन्हैयालाल भुगड़ी ने मुनि मेहुल सागर से आशीर्वाद लिया।

**बीकानेर,** (कासं)। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, साध्वी दीपमाला, शंखनिधि के सानिध्य में शुक्रवार को पर्युषण पर्व के तहत कल्पसूत्र के प्रसंगानुसर परमात्मा महावीर के पालनाजी व मुनीम के पद का निर्धारण किया गया।

चौविहार (बिना अन्न जल ) के 58 दिन की तपस्या पूर्ण करने वाले कन्हैयालाल भुगड़ी तथा अक्षय निधि व अन्य तपस्याएं करने वाले तप के तपस्वियों की अनुमोदना की गई। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट, अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई की ओर से सकल श्रीसंघ के सहयोग से आयोजित चातुर्मास में शनिवार को गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा ने कल्पसूत्र का वाचन विवेचन करते हुए भगवान महावीर के 27 भवों का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि जीवन की यात्रा में लक्ष्य व मार्ग की गति निर्धारित करने से प्रगति होती है। आत्म परमात्म प्राप्ति के लक्ष्य बिना मोक्ष नहीं मिलता। जीवन में जाति, कुल, सम्पत्ति आदि का अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकारवश हंसते-हंसते पाप कर्म करने वालों को नारकीय पीड़ा व दुख झेलना पड़ता है। पापाकारी प्रवृतियों व कार्यों से बचने व शुभ चिंतन, मनन व कार्य करने से शुभ आश्रव होता है। आत्मा पर चढ़े अहंकार, काम, क्रोध, लोभ व मोह आदि कर्मों के कचरे को दूर करने से आत्मा परमात्म स्वरूप में प्रकट होती है।